बांसवाड़ा, डूंगरपुर व प्रतापगढ़ का किया दौरा

# तीनों आदिवासी जिलों की स्थिति अच्छी नहीं है: आयोग अध्यक्ष

जयपुर @ पत्रिका. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष हर्ष चौहान ने कहा कि तीनों आदिवासी जिले बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ की स्थिति अच्छी नहीं है। अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए योजनाएं साथ बनने से आदिवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आयोग ने इस स्थिति के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों को जिम्मेदार ठहराया। वहीं मुख्य सचिव को स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए।

आयोग का दल दक्षिणी राजस्थान के आदिवासी इलाकों का दौरा कर जयपुर लौटा। आदिवासी जिलों की स्थिति की जानकारी आयोग अध्यक्ष हर्ष चौहान व दल के सदस्यों ने गुरुवार को मीडिया को दी। चौहान ने कहा कि आजादी के बाद आदिवासियों का जो विकास होना चाहिए था जो नहीं हो पाया है। आदिवासी इलाकों की स्थिति को रेटिंग देने के सवाल पर उन्होंने कहा, इस बारे में तय कर पाना संभव नहीं है, लेकिन यह कहा जा सकता है कि राजस्थान में इस वर्ग के लिए बहुत काम करने की आवश्यकता है।